# कमजोर मानसून से चीनी उत्पादन का अनुमान घटा

अमर उजाला ब्यूरो

**आगामी सीजन मे 240 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान**

**नई दिल्ली।** कमजोर मानसून के चलते अगले महीने से शुरू हो रहे नए पेराई सीजन (अक्तूबर 12-सितंबर 13) में चीनी उत्पादन पूर्वानुमान से कम रहने की आशंका है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इसमा) के मुताबिक, महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज खराब होने का असर चीनी उत्पादन पर पड़ना तय है। चालू वर्ष के मुकाबले आगामी सीजन के दौरान दोनों राज्यों में चीनी 23 लाख टन तक घटने की आशंका है। हालांकि उत्तर प्रदेश में गन्ने के बुवाई रकबे में बढ़ोतरी से चीनी उत्पादन 10 लाख टन तक अधिक होने का अनुमान है। इसके बावजूद चीनी का कुल उत्पादन 240 लाख टन ही रहने की संभावना है। मानसून से पूर्व 250 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान था।

इसमा के मुताबिक, महाराष्ट्र के आधा दर्जन से ज्यादा गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में कमजोर मानसून के चलते फसल प्रभावित हुई है।